# **प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर**
# **दिनांक– 21.06.2025**

- **थाना जानसठ पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ चोरी/लूट की योजना बना रहे 01 शातिर अभियुक्त घायल सहित कुल 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 20/21.06.2025 की रात्रि को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा चोरी/लूट की योजना बना रहे अभियुक्तगण 1. महताब पुत्र पोटल निवासी ग्राम खाईखेडी थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर(घायल), 2. राजीव उर्फ राजू उर्फ दीवान पुत्र सुरेश निवासी तीसोत्र थाना नागल जनपद बिजनौर व 3. पवन पुत्र कल्याण निवासी जबलपुर थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को बिजली घर जानसठ से आगे सलारपुर रजवाहे से तालड़ा की तरफ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 122/2025 धारा 109(1),312,313 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा लूट के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 24 घण्टे के अन्दर लूटेरा अभियुक्त दौराने पुलिस मुठभेड़ घायल/गिरफ्तार–**
  दिनांक 21.06.2025 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 267/2025 धारा 309(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त फुरकान उर्फ भेंकडा पुत्र मुस्तकीम निवासी हर्रा थाना सरूरपुर जनपद मेरठ को मेरठ करनाल हाईवे से कच्चे रास्ते से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 मोटर साईकिल प्लेटिना नम्बर एचआर 06 एस 8362, 01 रेडमी मोबाइल फोन, 01 आधार कार्ड(मु0अ0सं0 267/2025 धारा 309(4) बीएनएस से सम्बन्धित) व 01 हजार रूप्ये(मु0अ0सं0 267/2025 धारा 309(4) बीएनएस से सम्बन्धित) बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 02 चोर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार–**
  दिनांक 21.06.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 293/25 धारा 305,331(4),317(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. मन्नु पुत्र धर्मऋषि निवासी अर्जुन नगर थाना नई मण्डी , मुजफ्फरनगर व 2. उवैश उर्फ उवेद पुत्र गुलजार निवासी मौहल्ला काजीपुरा निकट सरवट फाटक थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को पचैण्डा रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 04 सीलींग फैन, 03 किलो 40 ग्राम तांबे का तार जला हुआ, 01 एचपी कम्पनी लेपटॉप बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों का अवैध शस्त्र सहित किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 21.06.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री आरिफ अली मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. समीर उर्फ फौजी पुत्र हनीफ उर्फ लाला निवासी नई आबादी कस्बा व थाना खतौली, मुजफ्फरनगर व 2. मोहित पुत्र किरण सिंह निवासी अद्वेत विहार कस्बा व थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को बन्द पड़ी चूना भट्टी के पासे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 243/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा मासूम बच्चो की हत्या करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 21.06.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना भोपा श्री ओमप्रकाश सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 196/2025 धारा 103(1),123 बीएनएस में वांछित अभियुक्त जुनैद पुत्र इनाम निवासी ग्राम खेडी फिरोजाबाद थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को जोली नहर पुल से खेडी फिरोजाबाद की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 10 हजार के पुरूस्कार घोषित मफरूर अभियुक्त को किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 21.06.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 61/2024 धारा 418,467,468,471,120बी भादवि व 3/9 परिक्षा अधिनियम में वांछित/फरार अभियुक्त अजय उर्फ पप्पन पुत्र मांगा निवासी ग्राम भभीषा थाना कांधला जनपद शामली को कुटबा नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।